


विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




सोमवार, 23 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 158, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## संत महात्माओं की पुण्य धरा और प्रभु श्रीराम के ननिहाल को विकसित और समृद्ध बनाने संकल्पित है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री

### महतारी वंदन योजना के माध्यम से मातृशक्ति हो रही सशक्त, 42 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन , मुख्यमंत्री साय वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 वें बलिदान दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर/कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ संत-महात्माओं की पुण्य भूमि और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है, जिसे विकसित और समृद्ध बनाना राज्य सरकार का संकल्प है। शांति, सुरक्षा, खुशहाली और सुशासन के मूल मंत्र के साथ 3 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली हमारा ध्येय है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 में बलिदान दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम और यज्ञशाला निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है। उन्होंने सीमित संसाधनों और छोटी सेना के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफअदम्य साहस के साथ संघर्ष किया और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसी महान विभूति से हमें प्रेरणा लेकर अपने जीवन में राष्ट्रसेवा और समाजहित के मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने लोधी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज ऐतिहासिक रूप से वीरता, नैतिकता और राष्ट्रसेवा के लिए जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम में इस समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और आज भी यह समाज देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि वे उसी परंपरा को आगे बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में लोगों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। होली से पूर्व अंतर की राशि का भुगतान कर किसानों को राहत पहुंचाई गई, जिससे उनके त्योहार में खुशहाली आई। महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि च्महतारी वंदन योजनाज् के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 25 किश्तों के माध्यम से 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। इससे मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है। श्री साय ने आगे कहा कि प्रदेश में आस्था और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए च्रामलला दर्शन योजनाज् संचालित है, जिसके तहत अब तक 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर



भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ ही युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर और सरगुजा में ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कवर्धा के वार्ड क्रमांक 26 में समाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने मिनी स्टेडियम के निर्माण तथा सहसपुर-लोहारा में यज्ञशाला के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपने संबोधन में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए समाज से एकजुट होकर अपनी गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, श्री संतोष कौशिक, श्री राजेन्द्र चन्द्रवंशी, श्री कोमल जंघेल तथा लोधी समाज के प्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

## जनता की आवाज

## राजाभानपुरी से बांकल स्टेशन चंडी मंदिर रोड़ की हालत जर्जर

### आंदोलन के बाद भी कोपेडीह से बोदेला मार्ग नहीं बना

**तुमड़ीबोड़ ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम राजाभानपुरी से बांकल स्टेशन चंडी मंदिर जाने वाले डामर सड़क मार्ग की हालत बहुत ही ज्यादा खराब स्थिति में है, लगभग 7 से 8 कि मी इस सड़क में कई सैकड़ों ऊबड़खाबड़ गड्ढे हो गए हैं, आने जाने वाले राहगीरों को, सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहनों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, गाड़ी चलने से बहुत ज्यादा धूल उड़ने की वजह से आंख धूल के भारी कण घुस जाने से दिक्कत होती है और यही धूल स्वास लेने से स्वास से शरीर के अंदर जाने की वजह से लोगों को धूल से संबंधित बीमारी होती है । तुमड़ीबोड़ सहित आसपास के दर्जनों गांवों के सड़कों की हालत बहुत ही ज्यादा जर्जर स्थिति में है, जैसे तैसे लोग मजबूरन इन खराब हो चुके मार्गों से आना जाना करते हैं, लोग इन जर्जर मार्गों में कई बार गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं। कई कई मार्गों में बने हुए पूल या तो जर्जर है या फिर रेलिंग नहीं होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आदिवासी बाहुल्य शहीद जगत कंवर ग्राम आलिखूंटा के ग्रामीणों ने आसपास के कई गांव के लोगों के साथ मिलकर, सभी ग्रामों में कड़ा बंद त्यौहार मना कर पिछले वर्ष रोड़ की



खराब स्थिति और किसी जिम्मेदार द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं देने के कारण एक बड़ा आंदोलन और चक्काजाम किया गया था , उस समय जिम्मेदार और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने माईक से अनाउसमेंट और लिखित में आश्वासन दिया था कि दीपावली या उसके बाद इस 5,,,6 कि मी के जर्जर मार्ग को बजट या विधानसभा में स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा और स्वीकृति मिलते ही इस मार्ग को मजबूत और चौड़ा बनाया जाएगा, और जर्जर हो चुके पुल, पुलिया को भी मजबूत बनाया जाएगा, लेकिन हुआ कुछ नहीं। यह जर्जर मार्ग कोपेडीह से होकर आदिवासी बाहुल्य शहीद ग्राम आलीखूंटा, आरगांव से बोदेला तक जाती है। पिछले साल हुए आंदोलन के समय सैकड़ों ग्रामीणों ने कहा था कि यह मार्ग आश्वासन के बाद नहीं बना तो फिर दोबारा इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। खराब सड़कों के नहीं बनने के कारण जिम्मेदारों के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।आसपास के गांवों के हजारों लोगों की निगाह अब इस ओर है कि यह जर्जर मार्ग कब नया और मजबूत बनता है।

## जल संरक्षण जन भागीदारी से संभव - मधुसूदन यादव

### ‌‌ऋ महापौर की अपील, विश्व जल दिवस पर पानी बचाने ले संकल्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने शहरवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते हुये जल संरक्षण में भागीदारी बनने अपील की है। उन्होंने नागरियो से कहा है कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, इसका प्रमुख उद्देश्य पानी के महत्व को जान पानी बचाने संकल्प लेना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज पेड पौधे कटने के कारण वर्षा ऋतु में पर्यास मात्रा में वर्षा नही हो पाती है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। भविष्य में पानी की



समस्या से बचने पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार जल संरक्षण में भी जन भागीदारी अति आवश्यक है। क्योकि जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नही हमारा कर्तव्य भी है। इसके लिये हमे अपने घरों व आस पास व्यर्थ पानी नहीं बहने देना है, नलों में टोटीयों का उपयोग करना है, आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि जल स्तर में वृद्धि करने रेन वाटर हारवेस्टिंग सबसे बड़ा उपाय है, सभी लोग अपने घरों में रेन वाटर हारवेस्टिंग लगाये तथा सोकपीट का निर्माण करें, ताकि घर में उपयोग किया हुआ खराब पानी सोकपीट में जाये और भूमि में नमी बनी रहे। इससे जल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्व जल दिवस के अवसर पर पानी बचाने, जल संरक्षण करने संकल्प लेने की अपील की है।

## बुचीभरदा में 29 मार्च से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, कथावाचिका देवी गरिमा शर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बुचीभरदा (पोस्टडूसुरगी) में आगामी 29 मार्च से 06 अप्रैल 2026 तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कथा का शुभारंभ 29 मार्च से होगा और 06 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक कथा का



वाचन किया जाएगा। कथा स्थल पर धार्मिक वातावरण तैयार किया जा रहा है तथा ग्रामवासियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। कथा के दौरान संत श्री निरंजन महाराज जी (गुरूदेव) का पावन सानिध्य प्राप्त होगा, वहीं कथा वाचन का दायित्व कथावाचिका देवी गरिमा शर्मा (लिमतरा) द्वारा निभाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्राम बुचीभरदा के समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

## युवा नेता राजा मखीजा ने पावन पर्व ईद के अवसर पर बधाई दी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के प्रमुख




समाजसेवी एवं युवा नेता राजा मखीजा ने पावन पर्व ईद के अवसर पर समस्त राजनांदगांव वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और एकता का संदेश देता है। राजा मखीजा ने कहा कि हमें सभी मतभेद भुलाकर समाज में शांति, सद्भाव और एकजुटता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कामना की कि यह पावन अवसर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि इस पवित्र त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं और सामाजिक एकता की मिसाल प्रस्तुत की।

## अखाड़ा प्रदर्शन, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य, डीजे बैंड पार्टी के साथ 1 अप्रैल को निकालेंगे शोभायात्रा

### 14 वें वर्ष आयोजन को भव्य रूप से मनाने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश में सर्वप्रथम हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा प्रारंभ करने वाली समिति हनुमान जयंती आयोजन समिति (पेटी ग्रुप) जयस्तंभ चौक की बैठक 17 मार्च को ममता नगर के मंगल भवन में हुई। बैठक में प्रतिवर्ष के अनुसार इस बार 14 वें वर्ष आयोजन को भव्यता से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा इस वर्ष एक दिन पहले 1 अप्रैल को शाम 4 बजे म्यूनिस्पिल स्कूल ग्राउंड से नगर भ्रण के लिए निकाली जाएगी। जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से यात्रा मे शामिल होने की अपील की गई है। आयोजन समिति के झम्मन देवांगन ने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, सुआ गेढी, धुमाल, डीजे, बैंड पार्टी, भजन और रामदर्शन व हनुमान जी की जीवंत



झांकियां विशेष रूप से आर्कषण का केन्द्र रहेगी। नगर के समस्त नागरिकों, विभिन्न संस्थानों, स्वयं सेवी संस्थाओं पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजन में शामिल होने व सेवा पंडाल लगाने की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र यादव गुरूजी ने किया। इस अवसर पर श्रीकिशन खंडेलवाल, नीलू शर्मा, अशोक चौधरी, रमेश डाकलिया, संतोष पिल्ले, किशुन यदु, नन्दु साहू, आनंद वर्गीस, डॉ. अबताफ आलम, अनुप श्रीवास, सुरेंद्र, हेमंत, राजू वैष्णव, शीतल साहू, विक्की, प्रकाश, प्रवीण, भानू, जयनारायण, लालेन्द्र, बहादुर, नवीन, मनोज, ईश्वर, विजय, डामन, भगवती, डीडी, सतीश, तरूण, बंटी, रितेश, पूनाराम यादव, धर्मेंद्र, चेतन, चंदन, अज्जू, मिलिंद, शैलेन्द्र, आदित्य, संजय, अरूण, पंकज, अशोक, लोकेश, दिनेश, अशुतोष, दुलार, रितेश, मुरली, सौरभ, वशिष्ठ, धनेश, भीष्म, स्वप्निल, देवेन्द्र, तीरथ, योगेश, पूनम, तिलक, तेज, परमानन्द, दशरथ, ऋषि, ऋषभ, प्रताप, कामदेव, महेश, बिजेलाल, महेंद्र, धर्मेंद्र आदि मौजद थे।

## नगर साहू संघ में नए पदाधिकारियों का मनोनयन

### संगठन के सुचारू संचालन हेतु महत्वपूर्ण नियुक्तियां घोषित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर साहू संघ द्वारा संगठन के प्रभावी एवं व्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। यह जानकारी नगर साहू संघ के सचिव नरेश साहू ने संघ के अध्यक्ष राजेश साहू के निर्देशानुसार दी। नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के साथ तत्काल प्रभाव से कार्यभार सौंपा गया है। संरक्षक मंडल कुलेश्वर साहू (पूर्व अध्यक्ष, बसंतपुर), प्रेमलाल साहू (कन्हारपुरी), सोनूराम साहू (लखोली)। मुख्य पदाधिकारी सचिव नरेश कुमार साहू (लक्ष्मी नगर), कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू (शकरपुर), उपाध्यक्ष अशोक साहू (ममता नगर)। न्याय प्रकोष्ठ संयोजक मदन साहू (मोहड़), सहसंयोजक राधेश्याम साहू (बसंतपुर), सचिव कुंजीलाल साहू (चिखली), सहसचिव लक्ष्मीनारायण साहू (कन्हारपुरी)। युवा प्रकोष्ठ संयोजक संजय साहू (चिखली), सहसंयोजक महेश हीरवानी (कन्हारपुरी)। राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक चंद्र कृत साहू (हरदी)। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक हेमनाथ साहू (ममता नगर), सहसंयोजक अनील साहू (बसंतपुर)। अधिक वक्ता प्रकोष्ठ संयोजक बोहित साहू (मोहड़)। व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक शोभा साहू (बसंतपुर)। किसान प्रकोष्ठ संयोजक दीप राम हिरवानी (कन्हारपुरी)। महिला प्रकोष्ठ: संयोजक श्रीमती सुमन साहू (शकरपुर), सहसंयोजक श्रीमती गुलाब साहू (सिंगदई), सहसंयोजक श्रीमती लीला साहू (बजरंगपुर)। आदेश प्रभावशील यह सभी मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। प्रतिलिपि माननीय जिला साहू संघ अध्यक्ष, राजनांदगांव को सूचनार्थ। इस अवसर पर जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष विवेक साहू नगर साहू संघ के अध्यक्ष राजेश साहू पूर्व संगठन सचिव महेंद्र साहू अधिक वक्त प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक भागवत साहू मंडल अध्यक्ष डीडी साहू राधेश्याम साहू भारत साहू देवेंद्र साहू श्रीमती अनीता साहू लेखेंद्र साहू देवेंद्र साहू हरीश साहू पार्षद अरुण साहू जितेंद्र साहू कन्हैया साहू सतीश साहू लक्ष्मी नारायण साहू प्रवीण साहू प्रभात साहू आदि ने बधाई दी है।

nandgaon times march-23-3.qxd 3/22/2026 10:35 PM Page 2



# शिक्षक दिनेश कुरेटी कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित

## शिक्षा, कला, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्रों में कर रहें है रचनात्मक कार्य

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** गत दिनों शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कर्मवीर रत्न सम्मान समारोह रायपुर वृंदावन सभा हॉल में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में अकादमी के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों, विशिष्ट जनों,अधिकारियों,कर्मचारियों एवं समाज सेवियों को स्मृति चिन्ह, शाल एवं सम्मान पत्रक प्रदान कर कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया इसी क्रम में छुरिया विकास खंड के ग्राम बूचाटोला निवासी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के उत्कृष्ट व नवाचारी शिक्षक एवं अकादमी के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुरेटी को शिक्षा में नवाचार के अलावा शिक्षा,कला,साहित्य एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष सुश्री मोना सेन थे,अध्यक्षता बिलाईगढ़ के विधायक कविता प्राण लहरे ने किया,विशेष अतिथि दुर्ग के सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर संजय दीवान,अधिवक्ता रीता दीवान,चिकित्सक जी.एस. चन्द्राकर,अनिल शुक्ला,राजेश साहू, विनोद पुरी,जसवंत वर्मा, सोहन दास साहू, प्राची खंडेलवाल, दीपक देवांगन,नरेश धारी एवं उतरा ध्रुव रहे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मोना सेन ने कहा आत्मविश्वास के साथ अच्छे काम करने के लिए सदैव आगे बढ़ना चाहिए। अच्छे काम के लिए आगे बढ़ने वालों को पीछे ढकेलने वाले बहुत है जिनका परवाह किए बिना सदैव आगे बढ़ते रहना चाहिए।ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उचित मंच पर ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान किया जाना चाहिए ताकि उचित मंचो पर अपने प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर अपने अंचल का नाम रौशन कर सके। सम्मान सबसे बड़ी पूंजी होती है।पैसा से सम्मान को नहीं खरीदा जा सकता इसलिए सम्मान का महत्व पूंजी से ज्यादा होता है। विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माता होता है।उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मान देने पर खुद को गर्व का अनुभव होता है।इस मंच से सम्मान वाले सभी लोग मेरे से वरिष्ठ है मैं आप सभी का अंतर्मन से सम्मान करती हूँ। सम्मानित लोगों को सम्मान देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पूर्व डिप्टी कलेक्टर संजय दीवान ने कहा कि शिक्षक से बड़ा कोई पद नहीं होता। शिक्षक के शिक्षा बिना किसी भी बड़े पद को हासिल नहीं किया जा सकता।इसलिए शिक्षक सबसे ज्यादा सम्मानित एवं पूजनीय होता है। उल्लेखनीय है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी विगत 26 वर्षों से उत्कृष्ट शिक्षा, कला, साहित्य, समाज सेवा, मंच संचालन,खेल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित रचनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट, प्रभावशाली,अनुकरणीय एवं प्रसंशनीय कार्य कर अपना एक अलग एवं विशिष्ट पहचान बना चुका है।श्री कुरेटी आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को एमबीबीएस, इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा के लिए अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आर्थिक मदद करते है।गंभीर रूप से बीमार लोगों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता करते है। आकस्मिक निधन हो जाने पर शिक्षकों,छात्रों, रसोईया,सफाई कर्मियों के परिजनों को सत्वाना राशि प्रदान करने के लिए सार्थक पहल करते है। छुरिया विकास खंड समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को स्मार्ट शाला बनाने में प्रमुख भूमिका निभाया है जिसके लिए विभिन्न मंचों पर श्री कुरेटी को सम्मानित किया गया है। शाला में उत्कृष्ट शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के साक्षरता,स्वच्छता,नशामुक्ति, वृक्षारोपण, निर्धन एवं अनाथ बच्चों को शिक्षण सामाग्री प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है।अपने जन्मदिन एवं समस्त बच्चों के जन्मदिन पर बच्चों को लेखन सामग्री प्रदान करते है।उदघोषक के रूप में राज्यपाल , मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री,केबीनेट, सांसद, विधायक जैसे जनप्रतिनिधियों के गौरवशाली मंचो को कई बार प्रभावशाली ढंग से संचालित कर उत्कृष्ट उदघोषक के रूप में अपनी उत्कृष्ट बना चुका है। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर अकादमी के संस्थापक एवं संयोजक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, संरक्षक परसराम साहू,सलाहकार राजेन्द्र पटाकर,मोहित कुमार शर्मा,उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, मेहत्तर देवांगन, लोकनाथ तांडेय, महासचिव मधु देवांगन,विनीता अनुप उइके,सुश्री कुमारी गंजीर,,नंदनी देशमुख, सुनीता जनार्दन, खुशबू जैन,शशिकला पांडे,लता देवांगन,वर्षा जैन,जयश्री देवांगन आदि प्रांतीय पदाधिकारी,जिलाध्यक्ष मदन मंडावी, उपाध्यक्ष थंगेश्वर कुमार साहू,सरिता देसरिया आदि सहित इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने श्री कुरेटी को बधाई दी है।




## अंतरराष्ट्रीय डाउन सिंड्रोम दिवस आज, सामर्थ्य में होगा कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिव्यांग जनों के सम्पूर्ण विकास हेतु समर्पित राष्ट्रीय संगठन सक्षम समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा 23 मार्च दिन सोमवार को शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय (सामर्थ्य) प्रांगण में दोपहर 2 से 4 बजे तक डाउन सिंड्रोम दिवस कार्यक्रम मनाने जा रही है... कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से आज सक्षम के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी की अध्यक्षता व उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार के मार्गदर्शन में सामर्थ्य विद्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे आवश्यक बैठक में जिला स्तरीय सक्षम के पदाधिकारी सचिव अरुण भास्कर गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रकाश सांखला, सदस्य समीर क्षत्रि मनोकामना, दिलीप श्रीवास्तव प्रशासक अभिलाषा उपस्थित रहे... डाउन सिंड्रोम दिवस कार्यक्रम में अभिलाषा, मनोकामना के साथ साथ शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय के बच्चे शामिल होंगे... अतिथि दीर्घा में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव जी, संतोष अग्रवाल जी ,कोमल राजपूत जी , सक्षम छ.ग.राज्य अध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र शुक्ला जी(सर्व ट्रामा सेंटर,तात्यापारा,रायपुर), छ.ग.राज्य संगठनमंत्री रामजी रजवाड़े जी,श्री राधेश्याम जी,जितेन्द्र शर्मा जी ,संजय सोनी जी शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री साय पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** इस दौरान उन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से विधि-विधान के साथ यज्ञ की परिक्रमा की और व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री साय ने इस धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर प्रदेश की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और सभी को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री पंडरिया विधायक, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ की परिक्रमा की और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




## सप्ताह के सितारे (23 फरवरी 2026)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 6 - 7 - 0

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 11- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 16 - 17 - 10 | (6) 63 - 66 - 67- 60 |
| (2) 23 - 26 - 27 - 20 | (7) 73 - 76 - 77 - 70 |
| (3) 33 - 36 - 37 - 30 | (8) 83 - 86 - 87 - 80 |
| (4) 43 - 45 - 47 - 40 | (9) 93 - 96 - 97 - 90 |
| (5) 53 - 56 - 57 - 50 | (10) 03 - 06 - 07 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 94-31-55-49-18-15 | 46-29-38-92-65 |
| 97-49-71-17-12-33 | 76-39-48-53-09 |
| 13-94-**-90-56-63 | 47-03-**-48-65 |
| 70-21-30-88-15-54 | 16-56-05-43-09 |
| 58-13-72-25-06-82 | 56-21-02-20-38 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक


## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रानी अवंती बाई लोधी को श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर महारानी स्कूल के पास नवनिर्मित स्मृति परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर रानी अवंती बाई लोधी के साहस और योगदान को याद किया। उपस्थित जनों ने अमर रहे के नारों के साथ कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नंदू राम साहू (प्रांत सह मंत्रीए विहिप), अनूप श्रीवास (विभाग मंत्री), प्रशांत दुबे (विभाग सह मंत्री), त्रिगुण सादानी (जिला मंत्री), बाबाजी बौद्ध (जिला समरसता प्रमुख), राहुल मिश्रा (जिला संयोजक), शिव वर्मा (नगर अध्यक्ष), नगर उपाध्यक्ष अरविंद साहू, राजू वर्मा, योगेश मुदलियार, मनोज वर्मा, राजेंद्र राजपूत, सोनू परिहार, सुशांत, ललित देवांगन, लोकेश वर्मा, सुरजीत वर्मा, करण पाल सहित नगर और जिले के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रानी अवंती बाई लोधी की वीरता और त्याग को याद करना था, बल्कि युवाओं में देशभक्ति और साहस की भावना को भी प्रोत्साहित करना था।

## सरकार के संरक्षण में नशे का जाल लोग हो रहे बर्बाद - मदन साहू का बड़ा आरोप

### कहा - भाजपा नेताओं के संरक्षण में अफीम की खेती कई जिलों तक फैला अवैध नेटवर्क



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर सियासत गरमा गई है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार के संरक्षण में अवैध नशे का व्यापार फल-फूल रहा है जिससे समाज पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। जारी बयान में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है और इसके पीछे सरकार की निष्क्रियता ही नहीं बल्कि संरक्षण भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध नशे के कारोबार से जुड़े लोग जहां आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं वहीं इसका सबसे बड़ा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। श्री साहू ने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को बर्बादी की ओर धकेल देती है। इससे सामाजिक माहौल भी बिगड़ रहा है और युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दुर्ग जिले में अफीम की खेती भाजपा नेताओं के संरक्षण में हो रही है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य कई जिलों में भी इसी तरह अवैध अफीम की खेती का नेटवर्क फैल चुका है। साहू के अनुसार, यह पूरा खेल सत्ता के संरक्षण में संचालित हो रहा है जिससे कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि नशे के इस बढ़ते जाल पर अंकुश लगाया जा सके और युवाओं को इससे बचाया जा सके। नशे के मुद्दे पर लगाए गए इन गंभीर आरोपों के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज होने की संभावना है। अब देखना होगा कि सरकार इन आरोपों पर क्या रुख अपनाती है और इस दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

## साल्हेवारा की वनांचल क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी डाली वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से एक शानदार उपलब्धि हासिल की





**साल्हेवारा ( नांदगांव टाइम्स )।** डाली वर्मा, पिता श्री पवन कुमार वर्मा, ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा साल्हेवारा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 4 तक प्राप्त की तथा वर्तमान में केज़ऊ राम चौरे स्मृति विद्या मंदिर, देवरी में अध्ययनरत रहते हुए अपने दादा श्री जी.एल. वर्मा (सेवानिवृत्त व्याख्याता) के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इसी अथक मेहनत का परिणाम है कि उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में खैरागढ़ जिले के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा साथ ही सैनिक स्कूल में भी चयनित होकर दोहरी सफलता अर्जित की। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे वनांचल क्षेत्र और शाला के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस शानदार सफलता पर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा उन्हें शुभ आशीर्वाद प्रदान किया गया, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक प्रेरणादायक संकेत है। समस्त साल्हेवारा ग्रामवासी, शाला परिवार एवं क्षेत्रवासी हर्ष व्यक्त करते हुए कुमारी डाली वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएँ प्रदान करते हैं।


## आम - सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मो. हनीफ खान पिता मो. लतीफ खान उम्र 73 वर्ष वार्ड नं. 45 कौरिनभाठा राजनांदगांव (छ.ग.) से मकान खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दे दिया है सिर्फ पंजीयन शेष है।

चूंकि विक्रेता पंजीयन पूर्व बिना सूचना के पिछले तीन माह से कहीं चले गए है और पंजीयन नहीं कर रहे है, ऐसा ज्ञात होता है कि किसी अन्य व्यक्ति को ज्यादा रकम में मकान बेचने का सौदा कर रहे है। क्रेता द्वारा संपर्क करने पर किसी प्रकार का कोई संपर्क नहीं कर रहे है और ना ही मैसेज का जवाब दे रहे है।

क्रेता द्वारा उक्त मकान के लिए फाइनेंस कराने गए है। जिससे बैंक नोटिस एवं किस्त के लिए चेतावनी आ रही है जिससे क्रेता मानसिंक रूप से बहुत ज्यादा परेशान हो रहा है। विक्रेता द्वारा अगर 31 मार्च 2026 तक पंजीयन नहीं कराता है तो उसके विरूद्ध क्रेता द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जवाबदारी विक्रेता को होगा।

दिनांक:- 22-03-2026

अनीस खान
अधिवक्ता
जूनी हटरी राजनांदेगांव
मो. -7869594111

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.मा.क्र.
बी-121 वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ला / ग्रामवासी ग्राम सुंदरा प.ह.नं. रा.नि.मं. राजनांदगांव तह व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजुल कोटड़िया आ. नथमल कोटड़िया निवासी शहर /ग्राम सुंदराराजनांदगांव द्वारा ग्राम/मोहल्ला प.ह.नं.58 रा.नि.मं. ठाकुरटोला तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 311/2, 311/5 311/7 311/8 रकवा 0.5470हे. डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 25/02/2026**
**सुनवाई दिनांक 11/03/2026**

सील

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.मा.क्रं. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ला / ग्रामवासी ग्राम .....प.ह.नं. रा.नि.नं. राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक नथमल आ. पुखराज निवासी शहर/ग्राम सुंदरा राजनांदगांव द्वारा ग्राम/मोहल्ला राजनांदगांव प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. ठाकुरटोला तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं 292, ,293, 295/1,3.298/1,298/4 रकबा 2.0280.हे. डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 25/02/2026**
**सुनवाई दिनांक 11/03/2026**

सील

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)


## देवांगन समाज की बोरिंग में नया सबमर्शिबल पंप स्थापित, पानी की समस्या का समाधान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड नंबर 39 हीरा मोती वार्ड मे देवांगन समाज की बोरिंग में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए नया सबमर्शिबल पंप सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इस कार्य के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं अगरबत्ती जलाकर शुभारंभ किया गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पिछले कुछ समय से पानी की आपूर्ति बाधित हो रही थी, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। नई मोटर लगने से अब नियमित और पर्याप्त पानी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद रवि सिन्हा ने कहा, जनता की मूलभूत सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं। पानी जैसी आवश्यक जरूरत में किसी भी प्रकार की परेशानी का निवारण किया जावेगा। देवांगन समाज की इस समस्या के समाधान के लिए हमने तत्काल पहल की और आज इसका स्थायी निराकरण कर दिया गया है। आगे भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख सदस्य डी के देवांगन ( अध्यक्ष देवांगन समाज दुर्गा चौक इकाई), रीतेश देवांगन ( अध्यक्ष यामिनी कला केंद्र), अजय श्रीवास्तव, बशीर बडगूजर, दिनेश देवांगन, संदीप निर्मलकर, वीरेंद्र रजक एवं अन्य वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और इस पहल के लिए पार्षद का आभार व्यक्त किया। यही है विकास की रफ़्तार! जो कहा, वो करके दिखाया। दो दिवस पूर्व ही पटेल समाज के भवन मे भी बोर कराकर सबमर्शिबल पंप लगाया गया था। मात्र 2 दिन पहले पटेल समाज द्वारा पटेल समाज भवन में बोरवेल की मांग रखी गई थी। पार्षद रवि सिन्हा की तत्परता और महापौर श्री मधुसूदन यादव जी के त्वरित निर्णय से आज 2 दिन के भीतर ही बोरवेल खनन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम मे भुवन लाल पटेल (अध्यक्ष) शिवनारायण पटेल (सचिव) संजू पटेल (कोषाध्यक्ष) बंसी पटेल (जिला उपाध्यक्ष) शत्रुहन पटेल (उपाध्यक्ष) पीताम्बर पटेल (सहायक सचिव) उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सूचना कमांक/दिनांक | निविदा सिस्टम कमांक | योजना का नाम एवं विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 12/Dt. 19-03-2026 | 187444 | जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला कबीरधाम में पेय जल योजनाओं का संचालन एवं संधारण विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्य (72 बैच) (तृतीय आंमत्रण) | 05.05 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 19.03.2026 से देखी जा सकती हैं।

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 01.04.2026**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.

जी-07305/3.

nandgaon times march-23-3.qxd 3/22/2026 10:35 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार किसे मंजूरी दी है?*
*2) स्वर्ण हॉलमार्किंग के छटे चरण में कितने नए जिले शामिल किए गए?*
*3) आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में किसने कार्यभार संभाला है?*
*4) शेप ऑफमोमो फिल्म किस राज्य से संबंधित है?*
*5) संगीत कलानिधि पुरस्कार 2026 के लिए हाल ही में किसे चुना गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) निष्क्रिय इच्छामृत्यु (2) 7 (3) जस्टिस रेखा पल्ली (4) सिक्किम (5) डॉ. जयंती कुमारेश

# संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा जन्मोत्सव बिटाल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम बिटाल (गैदाटोला) में विगत दिनों भक्त माँ कर्मा जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन परिक्षेत्र साहू संघ बेलरगोंदी एवं ग्रामीण साहू समाज बीटाल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने नाच-गाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे से पारंपरिक पिरित के परेवना घुपसाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका आनंद ग्रामीणों, सामाजिक बंधुओं एवं उपस्थित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक लिया। दोपहर 2 बजे से अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किरण रविंद्र वैष्णव (अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरामन साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ छुरिया) ने की। विशिष्ट अतिथियों में मिलाप दास साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ कुमर्दा), भुनेश्वर साहू (पूर्व अध्यक्ष, तहसील साहू संघ छुरिया), कुमेश्वरी साहू



(उपाध्यक्ष), कविता साहू (संगठन सचिव), उमेश साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू संघ छुरिया), हुकम साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू संघ कल्लू बंजारी), कुमार साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू संघ भोलापुर), खिलेन्द्र साहू (अध्यक्ष, साहू संघ झिथराटोला), वीरेंद्र साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू संघ गेंदाटोला), मंजू साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत बीटाल), बरातु चंद्रवंशी (उपसरपंच), गजेंद्र दास वैष्णव (ग्राम पटेल), कौशल निषाद (पूर्व सरपंच), डॉ. अश्वनी कलिहारी (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू संघ बेलरगोंदी), खिलावन जेठूमल (सचिव), चिरंजीवी साहू (अध्यक्ष, साहू समाज बीटाल) एवं पतराम साहू (सचिव) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि किरण रविंद्र वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्त माता कर्मा एक महान धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व थीं, जिनमें भक्ति, त्याग और समर्पण की अद्भुत भावना थी। उन्होंने परिक्षेत्र साहू संघ बेलरगोंदी के लिए नवीन कर्मा भवन निर्माण की घोषणा भी की। वहीं परिक्षेत्र अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कलिहारी ने समाज में एकता बनाए रखने और माँ कर्मा के आदर्शों का पालन करते हुए संघर्ष के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया। इस प्रकार ग्राम बीटाल में भक्त माँ कर्मा जन्मोत्सव भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में परिक्षेत्र उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, ज्योति साहू, संगठन सचिव उदय राम साहू, सुलोचना साहू, संरक्षक नलेंद्र कुमार साहू, प्रेमलाल साहू, हेमचंद साहू एवं धनुलाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष युवराज ढीड़हेर के नेतृत्व में 10 लाख शौचालय निर्माण को मिली स्वीकृति

**जिला सतनामी सेवा समिति की पहल रंग लाई**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला सतनामी सेवा समिति 5041 के जिला अध्यक्ष युवराज ढीड़हेर के प्रयास से 10 लाख शौचालय निर्माण की स्वीकृत राशि प्राप्त हो चुकी है। जिला सतनामी सेवा समिति 5041 को बड़ी सफलता मिली है। मिनीमाता निर्माण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा 10 लाख शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। अब इस महत्वपूर्ण योजना के लिए स्वीकृत राशि भी प्राप्त हो चुकी है जिससे निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है। इस बीच नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने जिला सतनामी सेवा समिति 5041 का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। महापौर यादव ने ठेकेदार को दो दिनों के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए हैं ताकि योजना का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिला सतनामी सेवा समिति 5041 के जिला अध्यक्ष युवराज ढीड़हेर सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने यह भी कहा कि वे इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## अपर कलेक्टर ने चैत्र नवरात्रि पर पदयात्री मार्ग एवं सेवा पंडालों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पदयात्री मार्ग एवं विभिन्न सेवा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा पंडालों में विश्राम कर रहे पदयात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखने तथा पेयजल, साफ-सफाई और विद्युत की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने पदयात्रियों के लिए विश्राम, चाय-नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पंडालों में तैनात स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल स्टॉफ एवं उपलब्ध दवाइयों की भी जानकारी ली। उन्होंने आवश्यकता अनुसार मार्ग में बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अंजोरा से डोंगरगढ़ तक पदयात्री मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल स्थापित किए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को निरंतर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। दुर्ग निवासी श्री जितेन्द्र चंदेल ने बताया कि वे पिछले 10-12 वर्षों से अपने परिवार के साथ डोंगरगढ़ पैदल यात्रा कर माता के दर्शन करने आते हैं।

## तुमड़ीबोड़ में 29 से 31 मार्च तक लोक मंडई, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से शुरू

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ में आगामी 29 से 31 मार्च तक लोक मंडई का आयोजन होगा, त्रिदिवसीय इस लोक मंडई के आयोजन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों के साथ ही उभरते हुए नवोदित कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। लोक मंडई कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से किया जा रहा, दिन रात दर्जनों कामगार मंच और पंडाल बनाने में लगे हुए हैं।



लोक मंडई संस्था के अध्यक्ष स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में व श्री गुलाब वर्मा के संयोजन में लोक मंडई आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ की सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू के आलावा सुरेश जैन, राजेंद्र जैन, अजय जैन, धरम जैन,उपसरपंच भूपेन्द्र सोनवानी, सुनील जैन, अमरोतन साहू, टीकम पटेल, लीलाधर साहू, भेखदास साहू, पीतांबर साहू, राजेश साहू, जयराम साहू, राकेश शर्मा, सुदर्शन साहू, खेलूराम साहू, और संतोष साहू, को समिति में शामिल किया गया है।छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग व कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित लोक मंडई का कार्यक्रम पहली बार ग्राम तुमड़ीबोड़ में होने जा रहा है, जिसमें लोक संस्कृति व लोक परम्परा के साथ ही लोक संगीत, लोक गायन, व नृत्य, हास्य एवं प्रहसन की रात्रिकालीन प्रस्तुति होगी, साथ ही दिन में कृषकों को कृषि ज्ञान, विज्ञान से संबंधित स्टालों से जोड़ने के लिए प्रदर्शनी, कृषि मेला व लोक मंडई में आने वाले तमाम लोगों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार लगाया जाएगा।

लोक मंडई आयोजन समिति के सदस्य, टाइगर क्लब और व्यापारी संघ तुमड़ीबोड़ के अध्यक्ष अजय जैन ने एक जानकारी में बताया है कि लोक मंडई का यह कार्यक्रम पूर्व के मध्यप्रदेश शासन में सन् 2000 से ग्राम आलीवारा से शुरूआत हुई थी जो आज तक प्रत्येक वर्ष लोक मंडई का कार्यक्रम आयोजित होते आ रहा है, राजनांदगांव जिले के विभिन्न स्थानों, आलीवारा, लालबहादुर नगर, डोंगरगांव, मुसरा, ठेलकाडीह, सुरगी आदि जगहों में लोक मंडई की बेहतर प्रस्तुति देकर लोगों का स्वस्थ मनोरंजन किया है, श्री जैन ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि प्रसिद्ध लोक मंडई का कार्यक्रम तुमड़ीबोड़ के (तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ मार्ग) बरभाठा मैदान में आयोजित है, कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए भव्य मंच का निर्माण किया जा रहा है,और कहा है कि सभी लोग इस लोक मंडई कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

## भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए पहल स्वास्तिक समिति ने बांटे कोटना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मार्च की शुरुआत के साथ ही बढ़ती गर्मी ने मूक जीवों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पानी की तलाश में भटकते बेजुबान जानवरों को राहत देने के लिए स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति ने कोटना (जल पात्र) वितरण अभियान चलाया। समिति ने जनसहयोग से कोटना एकत्र कर भदोरिया चौक स्थित कार्यालय से जरूरतमंद और सेवाभावी लोगों को वितरित किए।समिति के प्रदेश संरक्षक सुनील सेन ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से यह सेवा कार्य कर रही है। इस बार भी मार्च में जरूरतमंदों की सूची तैयार कर उन्हें कार्यालय बुलाकर कोटना दिए गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि इनका उपयोग केवल जल सेवा के लिए किया जाएगा, न कि अन्य किसी कार्य में। प्रदेश संयोजक अंशुल कसार ने बताया कि कोविड काल में शुरू हुआ यह अभियान अब पूरे जिले में फैल चुका है। समिति दानदाताओं के सहयोग से पात्र खरीदती है और ऐसे लोगों को देती है, जो उनकी साफ-सफाई और पानी भरने की जिम्मेदारी लेते हैं। इससे समाज में सेवा और जागरूकता का भाव भी बढ़ रहा है। अभियान की शुरुआत समिति कार्यालय में विधिवत पूजन के साथ हुई। पं. आशीष तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद सूचीबद्ध लोगों को कोटना वितरित किए गए। इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष चिंदू सोनकर, भाजपा पार्षद शिव वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल रायजयदा, पूर्व पार्षद पंकज कुंजेकर, बजरंग दल विभाग सयोजक सुनील सेन, भाजयुमो जिलामंत्री उज्वल कसेर, भाजपा नेत्री प्रेमा सोनकर सहित अभियान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, समिति जिलाध्यक्ष रिभय यादव, शहर गौरक्षा प्रमुख दिव्यांश साहू, सह प्रमुख रितेश साहू एवं यश साहू, भानपुरी गौरक्षा प्रमुख कोमल साहू, गौरव गुप्ता, अंकुश गुप्ता, विधि प्रमुख आयुष दीवान, मीडिया प्रमुख शुभम नाविक, पीयूष साहू, संस्कार यादव, आशीष यादव, गौरव तिवारी, मोहन पाटिल, निश्चय चौबे, मिथलेश मेश्राम, यमन साहू, प्रशांत रजक, आदित्य, आशीष तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगे भी कोटना वितरण के साथ उनके उपयोग की निगरानी की जाएगी। साथ ही पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में नई कार्ययोजना तैयार की जा रही है। युवाओं से इस सेवा अभियान से जुड़ने की अपील भी की गई है।



# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए खिलाडियों का छत्तीसगढ़ पहुंचना शुरू अंतिम लीग मैच में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश 1-1 गोल की बराबरी पर रही

### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश 24 मार्च को पुन: फाइनल में भिड़ेगी, अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मैच मेजबान छत्तीसगढ़ विरुद्ध हॉकी मध्यप्रदेश के मध्य खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही ।छत्तीसगढ़ की ओर से सबसे पहले रिया खलको ने मैच के41 वे मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, इस स्कोर का पीछा करते हुए मधप्रदेश ने मैच 45 वे मिनट उसकी खिलाढ़ी नौसीन नाज के हाथों किए गए गोल की बदौलत बराबरी पर लाया, अंतिम मिनट तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर था

राउंड रॉबिन पद्धति से खेले जा रहे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने पहला स्थान प्राप्त किया वहीं मेजबान छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रही ।दोनों ही टीमों ने24 मार्च को होने वाले अस्मिता हॉकी लीग के फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल मैच नाक आउट पद्धति से खेला जाएगा ।आज का दूसरा लीग मैच हॉकी महाराष्ट्र विरुद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला गया हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को 6-0 गोल से पराजित



किया हॉकी महाराष्ट्र की ओर से प्रियंका और मुस्कान ने 2-2 गोल किया पुष्पा कंवर और सकुनत ने 1-1 गोल कर मैच को 6-0 गोल से जीत लिया। मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। आज के मैच में प्रिया दुबे,अनामिका शर्मा,राजवीर कौर,कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया,अमृता सेन,पिंकी नायक,ईशानी पटेल ने निर्णायक व तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभाई वहीं वंदन रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट के रूप में उपस्थित थीं ।आज के मैच में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी,वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी विद्या विलाश श्रीवास्तव,जिला हाकी संघ के सचिव ,शिवनारायण धकेता अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाढ़ी श्मृणाल चौबे, श्नीलम चंद जैन, भूषण साव , साई के प्रबंधक के सी त्रिपाठी,पंकज पांडे,श्छोटेलाल रामटेके (पार्षद )सुश्री आशा थामस, श्महबूब कुरैशी श्री चंदन भारद्वाज,शकील अहमद,दिग्विजय श्रीवास्तव, किशोर धीवर, शिवा चौबे,दिलीप रावत, योगेश द्विवेदी,सचिन खोबरागड़े,अभिनव मिश्रा,हारून खान,अनीशा साहू,खुशाल यादव, सुखदेव निर्मलकार,कार्तिक यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# प्रेम और वात्सल्य की प्रतीक है स्कन्दमाता : अरविन्द तिवारी

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** नवरात्रि के पाँचवे दिन आज माँ दुर्गा के पाँचवे स्वरुप स्कन्दमाता की पूजा-आराधना- उपासना की जाती है। स्कन्दमाता की पूजा करने से साधन , ध्यान और उपासना में सफलता प्राप्त होती है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी है। स्कन्दमाता सूर्य मंडल की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। इसलिये स्कंदमाता की उपासना करने वाले साधक सदा तेजस्वी और निरोगी रहते हैं। इनकी कृपा से बुद्धि का विकास , ज्ञान का आशीर्वाद और समस्त व्याधियों का अंत हो जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि आज के दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। माना जाता है कि माँ स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छायें पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है। स्कन्दमाता की उपासना से बालरूप स्कन्द भगवान की उपासना भी स्वयमेव हो जाती है। यह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है , अतः साधक को स्कंदमाता की उपासना की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये। आज माँ को चम्पा के पुष्प के साथ साथ श्रृंगार में हरे रंग की चूड़ियाँ अर्पित करें। बता दें कालिदास द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्यम् और मेघदूत रचनायें स्कन्दमाता की कृपा से ही संभव हुई है।

**स्कन्दमाता नाम क्यों पड़ा ?**

स्कन्दमाता ममता की मूर्ति प्रेम और वात?सल?य की प्रतीक साक्षात दुर्गा का स?वरूप मानी जाती हैं। पार्वती और शिव के पुत्र है स्कन्द(कार्तिकेय) जो प्रसिद्ध देव असुर संग्राम मे सेनापति बने थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार इन्हें कुमार और शक्ति कहा गया है। माता पार्वती ने जब कार्तिकेय को जन्म दिया तब से वह स्कन्दमाता हो गयी। यह भी मान्यता है कि मां दुर्गा ने बाणासुर के वध के लिये अपने तेज से छह मुख वाले सनतकुमार को जन्म दिया , जिनको स्कन्द भी कहते हैं। इन्ही स्कन्द यानि कार्तिकेय की माता होने के कारण ही इन्हे माँ के पाँचवाँ स्वरूप स्कन्दमाता कहा गया है।? यह सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं इसलिये इनके चारों ओर सूर्य सदृश अलौकिक तेजोमय मंडल सा दिखाई देता है।

**नि:संतानों को देती हैं संतान**

ऐसी मान्यता है कि जिन लोगों को संतान




की चाहत होती है उन्हें सच्चे मन से स्कन्दमाता की आराधना करनी चाहिये। कहते हैं कि उनकी उपासना करने से निःसंतानों को भी शीघ्र ही संतान की प्राप्ति होती है। जिन व्यक्तियों को संतानाभाव हो वे माता की पूजन-अर्चन तथा अत्यंत सरल मंत्र च।।? स्कन्दमात्रै नमः।।ज् का जाप कर लाभ उठा सकते हैं। शेर पर सवार स्कन्द माता का वाहन मयूर भी है। इनकी पूजा केसर युक्त चंदन व सफेद वस्त्र से करते हैं। विभिन्न आभूषणों के अलंकार चढ़ाने से मां प्रसन्न होती हैं और लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। पंचमी तिथि के दिन पूजा करके भगवती दुर्गा को केले का भोग लगाना चाहिये।

**एकाग्रता की देती है सीख**

स्कन्दमाता हमें सिखाती है कि जीवन स्वयं ही अच्छे-बुरे के बीच एक देवासुर संग्राम है व हम स्वयं अपने सेनापति हैं। हमें सैन्य संचालन की शक्ति मिलती रहे इसलिये मां स्कन्दमाता की पूजा-आराधना करनी चाहिये। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होना चाहिये जिससे कि ध्यान , चित्त् और वृत्ति एकाग्र हो सके। यह शक्ति परम शांति व सुख का अनुभव कराती है। कहते हैं कि स्कन्दमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस वजह से इनका उपासक अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। मन को एकाग्र रखकर और शुद्ध रखकर स्कंदमाता की आराधना करने वाले भक्त को भवसागर पार करने में कठिनाई नहीं आती हैं। विधि विधान से पूजा कर स्कन्दमाता को प्रसन्न करने से शत्रु आपको पराजित नहीं कर पाते हैं। इनकी कृपा से व्यक्ति जीवन ङ्क मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है।

**स्कंदमाता की कथा**

प्राचीन कथा के अनुसार तारकासुर नामक राक्षस ने ब्रह्माजी को प्रसन्न करने के लिये कठोर तपस्या कर रहा था। उस कठोर तप से ब्रह्मा जी प्रसन्न होकर उनके सामने आये। ब्रह्माजी से वरदान मांगते हुये तारकासुर ने अमर करने के लिये कहा। तब ब्रह्माजी ने उसे समझाया कि इस धरती पर जिसने भी जन्म लिया है उसे मरना ही है। निराश होकर उसने ब्रह्माजी कहा कि प्रभु ऐसा कर दें कि भगवान शिव के पुत्र के हाथों ही उसकी मृत्यु हो। तारकासुर की ऐसी धारणा थी कि भगवान शिव कभी विवाह नहीं करेंगे , इसलिये उसकी कभी मृत्यु नहीं होगी। फिर उसने लोगों पर हिंसा करनी शुरू कर दी। तारकासुर के अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंचे और तारकासुर से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। तब शिव ने पार्वती से विवाह किया और कार्तिकेय के पिता बनें। तब माँ पार्वती ने अपने पुत्र भगवान स्कन्द (कार्तिकेय का दूसरा नाम) को युद्ध के लिये प्रशिक्षित करने हेतु स्कन्द माता का रूप लिया और उन्होंने भगवान स्कन्द को युद्ध के लिये प्रशिक्षित किया था। स्कंदमाता से युद्ध प्रशिक्षण लेने के पश्चात् भगवान स्कन्द ने तारकासुर का वध किया।

**स्कंदमाता का स्वरुप**

स्कन्दमाता (चतुर्भूज) चार भुजाओं वाली हैं। ये अपने दो हाथों मे कमल पुष्प धारण की हुई हैं।और अपने तीसरे हाथ मे कुमार स्कन्द (कार्तिकेय) को सहारा देकर बैठायी हैं। इनका चौथा हाँथ भक्तों के कल्याण के लिये है अर्थात वरमुद्रा में है। माँ अपने इस स्वरुप मे पूर्णतः ममतामयी हैं। देवी स्कंदमाता ही पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती हैं। इन्हे शिव की पत्नी होने के कारण मातेश्वरी कहा गया तथा इनके गौर वर्ण के कारण इन्हे देवी गौरी कहा गया है। माँ का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल पर विराजमान रहती हैं इसलिये इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। स्कन्दमाता का वाहन सिंह है। स्कंदमाता सदैव ही अपने भक्तो के लिये कल्याणकारी हैं। इनकी उपासना से भक्त की समस्त इच्छायें पूर्ण हो जाती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# बाजेगाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर हुआ ईसर गणगौर का विसर्जन

## 16 दिनों तक शिव (गण)पार्वती (गौर) की पूजा में डुबी रही महिलाएं





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया पर कल 21 मार्च शनिवार को राजनांदगांव सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले गणगौर पर्व का समापन व विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकालकर कुंवारी कन्याओं, नव विवाहितों एवं महिलाओं के द्वारा मां शीतला मंदिर स्थित बूढ़ा तालाब में किया गया। सबेरे से ही श्रद्धालु पूजा पाठ व ईसर गणगौर के गीतों में तल्लीन रहे। प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धा भक्ति व आस्था का पर्व गणगौर राजस्थान का मुल पर्व होने के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में भी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। जिसमें भवगान शंकर व पार्वती के स्वरूप की गणगौर के रूप में पूजा अर्चना रंगोत्सव 4 मार्च से प्रारंभ होकर चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया 21 मार्च को विशेष महत्व का दिन होने के साथ ही विशेष पूजा अर्चना भी इस पर्व को मामने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा की गई। सबेरे से ही इस पर्व को लेकर कुंवारी कन्याओं, नवविवाहितों व महिलाओं में विशेष उत्साह व पूजन को लेकर श्रद्धा भक्ति व आस्था का भाव दिखाई दिया। घरों, मंदिरों व सामाजिक भवनों में स्थापित की गई शिव व शक्ति के स्वरूप ईसर गणगौर की पूजा अर्चना विशेष प्रकार के पकवान, श्रृंगार सामाग्री, दुबी व जल के साथ ही कुमकुम, हल्दी, मेहंदी, काजल की बिंदी लगाकर विधि विधान व पारंपरिक गीतों के माध्यम से की गई।

**व्रत रखने वालों ने किया उद्यापन**

इस पर्व को मामने वाले लोगों में से बहुत सी विवाहित महिलाएं गणगौर पर्व पर अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ ही परिवार की सुख समृद्धि व उन्नति के लिए व्रत रखकर उद्यापन भी करती हैं। इस पूजा में जिस तरह से 16 दिनों का विशेष महत्व होता है क्योंकि 16 दिनों तक ही शिव पार्वती गणगौर के रूप में पूजे जाते हैं। वहीं इसमें सभी प्रकार की पूजन सामग्री व 16 श्रृंगार भगवान को भक्तों द्वारा अर्पित किए जाते हैं वहीं उद्यापन में 16 महिलाओं को भी पूजन पश्चात प्रसादी कराई जाती है।

**पूजन में दातून व पानी पिलाने का विशेष महत्व**

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन पड़ने वाली गणगौर पर्व के दिन दातून का विशेष महत्व होता है। जिसमें आम व अन्य वृक्षों के छोटी-छोटी 16 दातून बनाकर भगवान को अर्पित की जाती है। वहीं संध्या विसर्जन पूर्व कुंवारी कन्याएं महिलाएं व इस पर्व को मानने वाले लोग गणगौर को सिक्के, चांदी व सोने की अंगुठी से भगवान को पानी पिलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए वरदान मांगती है। इसके पश्चात विशाल शोभायात्रा के रूप में विभिन्न घरों, सामाजिक भवनों व मंदिरों में स्थापित ईसर गणगौर की शोभायात्रा निकाली जाती है। यह शोभायात्रा नगर में भी बाजे गाजे व डीजे के साथ बहुत ही धूमधाम से निकाली गई। जिसके पश्चात गणगौर का विसर्जन मां शीतला मंदिर माता देवालय स्थित बूढ़ा सागर में किया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पद यात्री सेवा पंडालझ्र का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पद यात्रियों की




सेवा हेतु पद यात्री सेवा पंडाल का आयोजन किया गया। यह सेवा पंडाल खैरागढ़ में स्थापित किया गया, जहाँ यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परिषद के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ पद यात्रियों की सहायता की। इस अवसर पर जिला संयोजक धनंजय पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देते हैं। वहीं हर्ष वर्मा ने कहा कि परिषद का यह प्रयास सेवा और समर्पण का प्रतीक है तथा आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया।

## आलोक बिंदल को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में बड़ी जिम्मेदारी

**प्रदेश कार्यसमिति के स्थायी सदस्य बनाए गए**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छत्तीसगढ़ द्वारा संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई है। 19 मार्च 2026 को जारी आदेश के अनुसार राजनांदगांव के सक्रिय कार्यकर्ता आलोक बिंदल को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति का स्थायी सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार आलोक बिंदल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन के प्रति उनके लंबे समय से समर्पण और व्यापारिक वर्ग में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए दी गई है। उनके जुड़ने से व्यापार प्रकोष्ठ की गतिविधियों में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से इस नियुक्ति को काफी अहम माना जा रहा है। इससे भाजपा को व्यापारिक वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आलोक बिंदल को बधाई दी है। आलोक बिंदल की यह नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी मानी जा रही है।

आवश्यकता है
Nursing Staff
(ICU & NICU) – 5 पोस्ट
(ANM, GNM, BSC Nursing)
डी. एन. ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
एक्सिस बैंक के पास , भदोरिया चौक राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.न. : 7509154040 , 9343184709

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# गौ आरोग्यम सेवा केंद्र का शुभारंभ आज, बीमार व घायल गौवंश के लिए समर्पित आधुनिक केंद्र

## 15 हजार वर्गफीट में तैयार सुविधा, उपचार से भोजन तक की व्यवस्था; 24 घंटे केयरटेकर, तय समय पर चिकित्सक उपलब्ध

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव में जीवरत्नम फाउंडेशन द्वारा च्गौ आरोग्यम ङ्क सेवा ही सच्चा धर्म हैज् सेवा केंद्र का शुभारंभ 23 मार्च 2026, सोमवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। मोहारा रोड स्थित इस केंद्र को करीब 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया गया है, जहां बीमार, लावारिस व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के उपचार, देखभाल, दवाई और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

केंद्र में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे, वहीं 24 घंटे केयरटेकर की तैनाती रहेगी, ताकि आपात स्थिति में भी गौवंश को तत्काल सहायता मिल सके। फाउंडेशन के सदस्?यों द्वारा वर्ष 2017 से शहर व आसपास क्षेत्रों में बीमार व घायल गौवंश का मौके पर पहुंचकर उपचार किया जाता रहा है। अब इस सेवा को विस्तार देते हुए स्थायी सेवा केंद्र की शुरुआत की जा रही है। संस्था का उद्देश्य गौसेवा के माध्यम से संवेदना और करुणा के भाव को समाज में मजबूत करना है। आयोजन में बड़ी संख्या में



नागरिकों की उपस्थिति की अपेक्षा जताई गई है। इस पहल में अध्यक्ष नमन मुणोत, उपाध्यक्ष कुलदीपक बाफना, कोषाध्यक्ष आकाश पारख, सचिव जैनम बैद, सह-सचिव प्रथम जैन, सदस्य धवल कोठारी, हर्षित बरड़िया, आयुष गिड़िया, दर्श चोपड़ा सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**2017 से जारी सेवा, अब स्थायी केंद्र**

जीवरत्नम फाउंडेशन के सदस्?यों द्वारा वर्ष 2017 से शहर और आसपास के क्षेत्रों में बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश का मौके पर पहुंचकर उपचार करता रहा है। टीम द्वारा कई गंभीर मामलों में समय रहते इलाज कर गौवंश की जान बचाई गई है। अब तक की इस निरंतर सेवा को व्यवस्थित और व्यापक रूप देने के लिए च्गौ आरोग्यमज् सेवा केंद्र की स्थापना की गई है, जिससे एक ही स्थान पर बेहतर और निरंतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**सेवा के साथ संवेदना का संदेश**

संस्था का मानना है कि गौसेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज में संवेदना और करुणा को जीवित रखने का माध्यम है। च्गौ आरोग्यमज् के माध्यम से संस्था न केवल उपचार सुविधा देगी, बल्कि लोगों को सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करेगी। आयोजन में अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की गई है।

## कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम आमाटोला (अ.चौकी) में ग्रामीण एवं परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत भक्त शिरोमणि कर्मा माता की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें विधायक श्री साहू जी ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कर्मा माता के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समरसता एवं एकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। साथ ही एक किसान द्वारा समाज को भूमि दान देने के प्रेरणादायी कार्य की सराहना करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोक-संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कुंदन लाल साहू (अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू समाज आमाटोला), मदन लाल साहू (अध्यक्ष, जिला समाज मोहला), गया दास साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ अ.चौकी), कुंजबिहारी साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ मानपुर), जागेश्वर दास साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ मोहला), रितेश मेश्राम (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अ.चौकी), उदय राम साहू (प्रदेश किसान संघ सचिव), मुकेश सिन्हा (कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अ.चौकी), नरेश शुक्ला (सरपंच घुपसाल), बेनीप्रसाद साहू, सुखनतींन कस्तूरे (सरपंच आमाटोला), जसवंत साहू, मुकेश जनबन्धु (जनपद सदस्य), धन्नू लाल साहू, कान्ति बाई साहू, मोहन लाल साहू, चेतन लाल साहू, दयाल दास साहू, कन्हैया लाल साहू, राधिका साहू, पूनमचंद साहू, तुलसी राम साहू, कुशला बाई सहित जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हिंदू जागरण मंच ने हिंदू नव वर्ष, नवरात्रि और झूलेलाल जयंती मनाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं भगवान झूलेलाल जयंती का पावन पर्व मानव मंदिर चौक में बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच के कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा एवं भगवान झूलेलाल की आराधना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में उपस्थित वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नव वर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे पूरे उत्साह के साथ मनाना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान भगवान झूलेलाल जयंती पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया और उनके जीवन एवं संदेशों को याद करते हुए समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में नवरात्रि के महत्व पर भी चर्चा करते हुए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की उपासना के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन ने समाज में धार्मिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

# 23 बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणा बने आलोक यादव

## छुईखदान के रक्त वीर है यादव जी, जीवन देने का सबसे सरल और महान कार्य

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** मानव जीवन अनमोल है, और इसे बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जिससे हम बिना किसी हानि के किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकते हैं। आज भी कई अस्पतालों में मरीज केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि समय पर उन्हें रक्त नहीं मिल पाता। ऐसे में रक्तदान करना केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा भी है। उक्त बातें जगन्नाथ सेवा समिति के वैचारिक सहयोगी व छुईखदान वार्ड क्रमांक 3 निवासी समाज सेवी आलोक यादव (45 वर्ष) ने कही रक्त के जरुरत मंदों के लिए सदैव उपलब्ध रहने वाले यादव जी ने अब तक 23 बार रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाया है, और छुईखदान क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं,उनका कहना है कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। इसे केवल एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा ही दान किया जा सकता है। एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग लोगों की जान बचाई जा सकती है—यह सोचकर ही हम इसके महत्व को समझ सकते हैं। दुर्घटनाओं, सर्जरी, कैंसर,



थैलेसीमिया और प्रसव के दौरान रक्त की अत्यधिक आवश्यकता होती है। वे आगे कहते हैं कि कई लोग रक्तदान को लेकर भ्रमित रहते हैं, जैसे कि इससे कमजोरी आती है या स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। लेकिन सच्चाई यह है कि एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है। शरीर कुछ ही दिनों में दान किए गए रक्त की पूर्ति कर लेता है। बल्कि, नियमित रक्तदान से स्वास्थ्य की जांच भी होती रहती है और शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। उन्होंने खास कर युवाओं से अपील किया कि रक्तदान करने से न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि दान करने वाले व्यक्ति को भी मानसिक संतोष और गर्व की अनुभूति होती है। यह एक ऐसा दान है, जिसमें न पैसा लगता है और न ही अधिक समय—बस जरूरत होती है एक सकारात्मक सोच और मदद करने की भावना की।आइए, हम सभी संकल्प लें कि समय-समय पर रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। आपका एक छोटा सा कदम किसी के जीवन में बड़ी खुशियां ला सकता है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com